H2025SCI08786

# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

## वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

### विषय - विज्ञान

समय- 2½ घण्टे | कक्षा- 8 | पूर्णांक- 60

**बहुविकल्पीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 1-5 )**

**निर्देश** -- सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-1. किसान का मित्र किसे कहा गया है-

(A) चूहा (B) केंचुआ

(C) शेर (D) हाथी

प्र-2 ईधन के उष्मीय मान को व्यक्त किया जाता है-

(A) किलोजूल (B) किलोजूल प्रति किलोग्राम

(C) किलोग्राम (D) इनमें से कोई नहीं

प्र-3 रेड डाटा पुस्तक है-

(A) संकटापन्न सभी जीवों का रिकॉर्ड (B) लाल रंग की पुस्तक

(C) सिर्फ संकटापन्न पौधों का रिकॉर्ड (D) सिर्फ संकटापन्न जंतुओं का रिकॉर्ड

प्र-4 आसुत जल होता है -

(A) हीनचालक (B) सुचालक

(C) कुचालक (D) उपरोक्त में से कोई नही

प्र-5 पृथ्वी की सबसे बाहरी पर्त को कहते हैं -

(A) भूपर्पटी (B) प्रावार

(C) बाह्य क्रोड (D) आतंरिक क्रोड

**रिक्त स्थान ( प्रश्न क्र. 6-10 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-6 .................... एक खरपतवारनाशी है।

प्र-7 पदार्थ जो विना किसी प्रत्यक्ष कारण के अचानक लपटों के साथ जल उठता है ............ दहन कहलाता है।

प्र-8 किसी विलयन से विद्युत धारा प्रवाहित होने पर .................... प्रभाव उत्पन्न होता है।

प्र-9 नमक युक्त विलयन विद्युत का ..............होता है।

प्र-10 विपरीत आवेश एक दूसरे को ........................... हैं।



P.T.O.

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 11-16 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

| | | |
|---|---|---|
| प्र-11 | रबी फसल किस ऋतु में उगाई जाती हैं? किन्ही दो रबी फसलों के नाम लिखिए। | 2 |
| प्र-12 | जीवाश्म ईधन किसे कहते है? | 2 |
| प्र-13 | बाह्य निषेचन करने वाले दो जन्तुओं के नाम लिखिए। | 2 |
| प्र-14 | यदि व्यक्ति के आहार में पर्याप्त आयोडीन ना हो तो क्या होगा? | 2 |
| प्र-15 | किसी पृष्ठ पर लगने वाले दाब को परिभाषित कीजिए। | 2 |
| प्र-16 | भूकम्पीय क्षेत्र किसे कहते हैं? भारत में अति भूकम्प आने वाले किन्हीं दो क्षेत्रों के नाम लिखिए। | 2 |

**लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 17-22 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

| | | |
|---|---|---|
| प्र-17 | आदर्श ईधन के कोई तीन लक्षण लिखिए। | 3 |
| प्र-18 | वनोन्मूलन से वर्षा की दर किस प्रकार प्रभावित होती है? | 3 |
| प्र-19 | जनन क्या होता हैं? जंतुओं में जनन की विधियां कौन-कौन सी हैं? | 3 |
| प्र-20 | किशोरावस्था में लड़कों में होने वाले कोई तीन परिवर्तन लिखिए। | 3 |
| प्र-21 | पहेली ट्रेन से यात्रा के लिए माता-पिता के साथ रेलवे स्टेशन गई, वहाँ कुली ने उनका सामान सर पर रख लिया। पहेली ने देखा की कुली ने भारी बोझ उठाते समय अपने सिर पर कपडे को गोल लपेट कर रख लिया। ऐसा कुली ने क्यों कि... | |
| प्र-22 | आभूषणों को चमकदार बनाने के लिए क्या किया जाता है? | 3 |

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 23-26 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

| | | |
|---|---|---|
| प्र-23 | हमारे जीवन में उपयोगी सूक्ष्मजीवों के बारे में पाँच उपयोग लिखिए। | 5 |
| प्र-24 | घर्षण किसे कहते है? घर्षण हानिकारण परन्तु अनिवार्य है इस कथन की पुष्टि कीजिए। | 5 |
| प्र-25 | कंपन का आयाम, आवर्तकाल तथा आवृति को स्पष्ट कीजिए। | 5 |
| प्र-26 | नियमित एवं अनियमित (विसरित) परावर्तन को चित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए। | 5 |

-----x-----

H2025SCI08786 H2025SCI08786 H2025SCI08786 H2025SCI08786